उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी
(स्वायत्तशासी संस्था)
नैक पुनर्मूल्यांकित 'A' ग्रेड

Udai Pratap College, Varanasi
(Autonomous Institution)
NAAC Re-accredited 'A' Grade
*College with Potential for Excellence, DST-FIST & DBT-Star College*
Mob. No. : 9389270894, email: principalupc@gmail.com, Website: www.upcollege.ac.in

**दिनांक 25.08.2025**

# सूचना

प्रॉक्टोरियल बोर्ड की दिनांक **25.08.2025** की बैठक में लिए गए निर्णय से महाविद्यालय में अध्ययनरत आप सभी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया जाता है कि:-

वर्तमान में कुछ पूर्व छात्र जो अपनी नेतागिरी प्रदर्शित करने के लिए और अपने स्वयं के लाभ तथा वर्चस्व बनाए रखने के लिए वर्तमान में पढ़ रहे कुछ छात्रों को बरगला करके जर्जर हो चुके छात्रावास में कक्ष- आवंटन के लिए धरना दे रहे हैं जो कि पूर्णतया अवैधानिक है। बॉयज छात्रावास पूर्णतया जर्जर हो चुका है तथा उसमें रहने लायक सामान्य सुविधा भी नहीं है। वर्तमान में **76%** छात्राएं महाविद्यालय में पढ़ रही हैं। महाविद्यालय प्रशासन के पास जो भी हॉस्टल निधि से सुविधा है उससे पहले छात्राओं के लिए कक्षों का निर्माण और उनकी सुविधाओं को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

उदय प्रताप कॉलेज गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं ने कई बार इन्हीं अराजक तत्वों के खिलाफ शिकायत किया है, जिसकी सूचना और कार्रवाई हेतु थाना शिवपुर और चौकी इंचार्ज गिलट बाजार को भी लिखा गया है तथा छात्रों की काउंसलिंग भी इस संबंध में की गई है।

पूर्व में कई बार मुंह बांध करके जिससे कि सीसीटीवी में यह स्पष्ट ना हो पाए कि ये कौन लोग हैं, रैगिंग करना, नए छात्रों को परेशान करना तथा विभिन्न प्रकार से छात्रों को प्रताड़ित करना, कक्षाओं में आगे से प्रथम तीन पंक्ति में हॉस्टल के बाहर के छात्रों को नहीं बैठने देना, हॉस्टल के नाम पर डे स्कॉलर के बीच धौंस जमाना, ऐसी शिकायतें इन अराजक तत्वों के खिलाफ प्राप्त होती रही हैं, जिस पर कार्रवाई भी की गई है तथा कई छात्रों का प्रवेश निरस्त किया गया है और निष्कासन की कार्रवाही भी की गई है।

पिछले सालों में छात्रावास में रहने वाले कई छात्रों ने महाविद्यालय में हो रहे विकास के कार्यों में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया है तथा स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा उदघाटन के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा कॉलेज में निर्मित कराए जा रहे हॉकी एस्ट्रो टर्फ में रंगदारी और वसूली का कार्य भी किया है,जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है तथा उनके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है।

अतः महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को न सिर्फ अवगत कराया जाता है बल्कि सावधान किया जाता है कि आप लोग किसी भी प्रकार से किसी भी अवैधानिक गतिविधि(**illegal activities**) से अपने को दूर रखें और किसी भी अवांछनीय स्थिति की सूचना तत्काल नीचे दिए गए फोन नम्बरों/हेल्पलाइन पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड को तथा थाना शिवपुर को दें। छात्राएं उपर्युक्त के अतिरिक्त महिला हेल्पलाइन पर भी देने का कष्ट करें।

अध्ययनरत आप सभी छात्र- छात्राओं को पुनः सचेत किया जाता है किसी भी अवैधानिक गतिविधि और अवैध धरने में शामिल न हों। कोई भी विद्यार्थी यदि किसी भी अवैधानिक गतिविधि और अवैध धरने में शामिल पाया जाता है तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ ही पुलिस कार्रवाई भी तत्काल की जाएगी। आगामी परीक्षाओं में बैठने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बंधित छात्र-छात्रा की होगी।

**महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की समस्त गतिविधियां सी.सी.टी.वी. में रिकॉर्ड होती है.**

चीफ प्रॉक्टर मोबाइल :**9415656147**
डिप्टी चीफ प्रॉक्टर मोबाइल:**8948300706**
प्रॉक्टर मोबाइल:**6389048660**
महिला हेल्पलाइन:**1091/1090**
उत्तर प्रदेश महिला हेल्पलाइन: **181**
थाना शिवपुर मोबाइल:**9454404399**

**प्रो संजय कुमार शाही**
**चीफ प्रॉक्टर**
**और प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यगण।**

Scanned by CamScanner